शैक्षिक सत्र–2025–26
विषय–रंजन कला
कक्षा–9

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न–पत्र तीन घन्टे का होगा। प्रश्न–पत्र तीन खण्डों में विभक्त होगा जिसमें से किन्हीं दो खण्डों के प्रश्न हल करने होंगे।

खण्ड–क (चित्र संयोजन) 45 अंक

भारतीय चित्रण शैली अथवा स्वतन्त्र शैली में काल्पनिक चित्र जिसमें कम से कम एक मानव आकृति एवं पृष्ठ भूमि में साधारण दृश्य अंकित किये जायें। निर्मित चित्र को जल रंग अथवा पोस्टर रंग से तैयार/पूर्ण किया जाये। चित्र लगभग पूरे पृष्ठ पर बनाया जाय।

खण्ड–ख (वस्तु चित्रण) 25 अंक

साधारण जीवन में दैनिक उपभोग की घरेलू वस्तुयें, पालतू जानवर, साग–सब्जी और फल–फूल आदि किन्हीं दो वस्तुओं का चित्र, छाया प्रकाश दर्शाते हुये अंकित करना। चित्र एक वर्णीय (मोनोक्रोम) पेंसिल, क्रेयान, काली स्याही में चित्रित किया जाये।

खण्ड–ग (चित्रकला के मूलतत्व) 25 अंक

इस खण्ड में पाँच प्रश्न होंगे, जिसमें से कुल तीन प्रश्न करने होंगे।

(1) रेखा (Line)A

(2) रंग या वर्ण (Colour)A

(3) तान (Tone)A

(4) पोत (Texture)A

(5) आकृति (Form)A

(6) अन्तराल (Space)A

(7) षडंग (चित्रकला के 6 अंग)।

पुस्तकें :–कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय के अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन 30 अंक

प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन के अन्तर्गत 20 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिये तथा 10 अंक मासिक परीक्षा के लिये निर्धारित है जिसका मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जायेगा।

प्रोजेक्ट कार्य की सूची

नोट :–निम्नलिखित में से कोई दो प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार करायें अध्यापक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट भी दे सकते हैं। प्रत्येक प्रोजेक्ट 5 अंक का है।

निम्नलिखित कथनों के रंगीन पोस्टर बनाकर घर में एवं विद्यालय में लगायें :–

(1) जल ही जीवन है।

(2) अधिक अन्न उपजाओ।

(3) सच बोलो।

(4) प्रातः उठो।

(5) बड़ों का आदर करो।

(6) किसी भारतीय चित्रकार का चित्रकला में योगदान।

(7) सड़क सुरक्षा के संकेतकों एवं ट्रैफिक सिग्नल को दर्शाना।

प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन 30 अंक

शैक्षिक सत्र 2025–26 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन

1–प्रथम आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा– (दो प्रोजेक्ट कार्य प्रत्येक 05 अंक का) अगस्त माह 10 अंक (5+5)

2–द्वितीय आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षा–(एक प्रोजेक्ट कार्य तथा परीक्षा) दिसम्बर माह 10 अंक (5+5)

3–चार मासिक परीक्षाएं 10 अंक

- प्रथम मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) मई माह
- द्वितीय मासिक परीक्षा (चित्रात्मक) जुलाई माह
- तृतीय मासिक परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) के आधार पर) नवम्बर माह
- चतुर्थ मासिक परीक्षा (चित्रात्मक) दिसम्बर माह

चारों मासिक परीक्षाओं के प्राप्तांकों के योग को 10 अंकों में परिवर्तित किया जाय।